ऐसे ही ब्रह्मा की हज़ार भुजाएं हैं। 500 हैं लेफ्टिस्ट और 500 हैं राइटियस। राइटियस खून बहाने वाली। उनको कह सकते हैं ये बेहद के खून बहाने वाली नसें-नाड़ियाँ रुपी आत्मायें हैं। हरेक आत्मा में अपने-अपने तरीके का खून बहता है। एक के अन्दर का जो खून है, खून की सरणि है, वो दूसरी आत्मा की खून की सरणि से मिलती नहीं है। खून की जाति एक हो सकती है, लेकिन एक जैसा खून सबके अन्दर बहे या दो के अन्दर बहे ये नहीं हो सकता। एक के संकल्प न मिलें दूसरे के संकल्पों से। संकल्प हैं बीज। बीज से फिर वाचा। वाचा के बाद फिर कर्मणा। एक के संकल्प न मिलें दूसरे से। एक की वाचा न मिले दूसरे से। एक के कर्म न मिलें दूसरे से।

जिज्ञासुः ये जो ब्लड ग्रुप हैं चार बताए हैं

बाबाः हाँ, जी।

जिज्ञासुः इसकी वजह क्या है?

बाबाः चार प्रकार की आत्माएं हैं।

जिज्ञासुः कौनसी-कौनसी?

बाबाः जो भी बताया । ओ ग्रुप, ओ पाजिटिव ग्रुप, वो सबमें है। जिसका खून सबमें दिया जा सके। सबसे मेल खा जाए। वो हो गया ओ पाजिटिव। जैसे बारह प्रकार के राशियाँ मानी गई हैं। दुनिया का हर मनुष्य मात्र 12 राशियों में विभाजित किया गया है। ये 12 राशियों के भी 3 ग्रुप हैं। और एक-एक ग्रुप में 4-4 प्रकार की जातियाँ हैं। ऐसे ही, मनुष्यों का खून भी 4 प्रकार की जातियों का है।

जिज्ञासुः कौनसी जातियाँ है?

बाबाः अब तो कोई भी नाम दे दो। नाम तो ये वैज्ञानिकों ने दिये हुए हैं ना। वैज्ञानिकों की भाषा ही अलग है। इतना तो जानते हैं कि हाँ चार प्रकार का खून है।

Similarly, there are thousand arms of Brahma. [Among them] 500 are *leftist* and 500 are *righteous*, which carry *righteous* (pure) blood. It can be said about them that they are the souls in the form of blood vessels who carry blood in an unlimited sense. Different kind of blood flows in each soul. The blood of one, the group of blood of one does not match with the group of blood of another soul. The blood group can be one, but it cannot be possible that the same kind of blood flows in everyone or in two persons. The thoughts of one do not match with the other. Thought is the seed. Seeds give rise to words. Words are followed by actions. Thoughts of one do not match with the other. The words of one do not match with the other. Actions of one do not match with the others.

Student: The four blood group which has been described...

Baba: Yes.
Student: What is the reason for it?
Baba: There are four types of souls.
Student: Which souls?
Baba: As it was said, *'O' group*, *'O' positive group* is in everyone. The blood which can be donated to everyone and matches with everyone is the *'O' positive*. Just as there are twelve zodiac signs. Every human being of the world is classified into 12 zodiac signs. There are 3 groups of these twelve zodiac signs too. And there are four categories in every *group*. Similarly, human blood is also of four categories.
Student: Which are those categories?
Baba: Well, you can assign any name. These names have been assigned by the scientists, haven't they? The language of the scientists is different. At least this much is known that blood is of four kinds.

Extracts-Part-5

समयः 40.50-42.42

जिज्ञासुः मुरली द्वापरयुग में शास्त्रों के रूप में गाया जाता है। तो अव्यक्त वाणी।

बाबाः मुरली द्वापरयुग में शास्त्रों के रूप में गाई जाती है? अगर मुरली ज्यों की त्यों द्वापरयुग में शास्त्रों के रूप में गाई जाए फिर तो भगवान का स्वरूप प्रत्यक्ष होना चाहिए। भगवान की पहचान द्वापरयुग से उड़ जाती है या बनी रहती है? उड़ जाती है। संगमयुग की बात ही द्वापरयुग में उड़ जाती है।

जिज्ञासुः ये पूछा है बाबा अव्यक्त वाणी का किस रूप में गायन होता है?

बाबाः अव्यक्त वाणी भी तो मनुष्य रूप है। जैसे कवि लोग होते हैं अपनी कविता करते हैं। वो कविता का वास्तविक अर्थ क्या है वो खुद भी नहीं जानते। भगवान बाप आकरके उन शास्त्रों का, उन कविताओं का, उन श्लोकों का सही अर्थ बताते हैं। ऐसे ही ये जो अव्यक्त वाणी है वो भी मानवीय वाणी है। लेकिन निराकारी स्टेज में सुनाई गई है इसलिए उसमें भावना सच्ची भरी हुई है। उसका अर्थ भगवान बाप ही बताते हैं। एक अव्यक्त वाणी ही ऐसी है जो मुरली के महावाक्यों को कहीं भी खंडन नहीं करती। बाकी दुनिया में जितने भी शास्त्र हैं, जितनी भी वाणियाँ हैं, वो सब एक दूसरे का खंडन करने वाली हैं।

Time: 40.50-42.42
Student: Murli is praised in the form of scriptures in the Copper Age. So, [what about] avyakta vani?
Baba: Is murli praised in the Copper Age in the form of scriptures? If murli is praised as it is in the form of scriptures in the Copper Age, then God's form should be revealed. Does God's recognition vanish or does it remain intact in the Copper Age? It vanishes. The very topics of the Confluence Age vanish in the Copper Age.
Student: Baba, it has been asked, in which form is the avyakt vani praised?
Baba: Avyakt vani is also a [narration through a] human form. For example, when poets write poems, they themselves do not know the actual meaning of that poem. God the Father comes and tells the correct meaning of those scriptures, poems [and] *shlokas*. Similarly, this avyakt vani is also a human version. But it has been narrated in an incorporeal *stage*; this is why there are true feelings in it. God the Father alone narrates its meaning. It is avyakt vani alone which

does not clash with the versions of murlis anywhere. All the other scriptures of the world, all the other versions clash with each other.

समयः 42.47-43.22

जिज्ञासुः बाबा, बीज रूप आत्माओं के शरीर बर्फ में दबेंगे। अपने-अपने समय पर आत्मा प्रवेश करती है जब बर्फ हट जाएगा। इसी तरह से जो सतयुग में प्राणी रहेंगे सतोप्रधान, जैसे गाय, मोर, तो इनके भी शरीर कुछ बर्फ में दबेंगे?

बाबाः कुछ क्यों? जो भी जातियाँ होंगी इस तरह की दूसरों को दुःख न देने वाली वो रहेंगी। दुःखदायी प्राणी नहीं रहेंगे। सुखदायी सब रहेंगे।

Time: 42.47-43.22

Student: Baba, the bodies of the seed-form souls will be buried in ice. When the ice is removed, the soul enters in it at its destined time. Similarly, the animals which will be *satopradhan* in the Golden Age; for example, cows, peacocks; so, will the bodies of few among them also be buried under ice?

Baba: Why few? All the species like these, which do not give sorrow to others, will survive. The living creatures which give sorrow will not survive. All those which give happiness will survive.

समयः 43.27-45.40

जिज्ञासुः बाबा, ये जो श्वास लेते हैं और श्वास छोड़ते हैं ये श्वास आत्मा है क्या?

बाबाः श्वास तो हवा है।

जिज्ञासुः हवा है। फिर आत्मा क्या चीज़ है?

बाबाः ये 5 तत्वों में से...।

जिज्ञासुः आदमी श्वास के बिना जीता नहीं है। श्वास अगर नहीं हुआ तो आदमी जीता नहीं है। तो उसका मतलब क्या हुआ?

बाबाः आपने सुना ही नहीं है कि ऋषि मुनि ऐसे भी होते थे जो श्वास - प्रश्वास को बंद कर देते थे। सुना कि नहीं सुना? (जिज्ञासु - सुना) फिर? श्वास और प्रश्वास ये तो हवा है। 5 तत्वों में से एक तत्व है। ये कोई आत्मा नहीं है। 5 तत्वों से आत्मा तो तुरीया है। बिल्कुल अलग। उसको 5 तत्वों में बांधा नहीं जा सकता। बंधन में आ जाती है। वो एक अलग बात है। हवा को, प्राणवायु को हम प्राण नहीं कहेंगे। ये तो मनुष्य गुरुओं ने धतिंग निकाले हैं। भगवान तो स्पष्ट बताते हैं आत्मा एक ज्योति है, रोशनी है, सितारा है, अति सूक्ष्म सितारा। इतना सूक्ष्म है जो इन आँखों से तो क्या, जैसे छोटे-छोटे कीटाणु माइक्रोस्कोप से देखे जाते हैं, ऐसे वो वैज्ञानिक यंत्रों से भी आत्मा नहीं देखी जा सकती। इतना सूक्ष्म अणु है। वो कोई वायु नहीं है। प्राण नहीं है। जिसे प्राण वायु कह दिया है। (जिज्ञासु - छठा तत्व।) वो छठा तत्व, तुरीया तत्व परमधाम है, ब्रह्मलोक, ब्रह्म तत्व है। वो भी जड़ है। लेकिन आत्मा तो? आत्मा तो चैतन्य है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Time: 43.27-45.40
Student: Baba, we inhale and exhale; is this breath the soul?
Baba: Breath is air.
Student: It is air. Then what is a soul?
Baba: Among the five elements...
Student: A person cannot live without air. If there is no air, a man cannot live. What does it mean?
Baba: You have not heard at all that there also used to be such saints and sages who regulated their inhalation and exhalation. Did you hear or not? (Student: I have heard.) Then? What you inhale and exhale is air. It is one element among the five elements. It is not a soul. A soul is unique from the five elements, it is completely different. It cannot be bound in five elements. It gets bound. It is a different thing. Air [and] oxygen (*praanvaayu*) will not be called life (*praan*). These are the ostentations made by the human gurus. God tells [us] clearly, the soul is light, brightness, a star, a very subtle star. It is so subtle that leave aside the topic of [seeing through] these eyes, the soul cannot be seen even through the scientific instruments like the microscope through which small microbes are seen. It is such a minute atom. It is not air, it is not life which has been named oxygen. (Student: Sixth element.) That sixth element, the unique element is the Supreme Abode, *Brahmlok,* the element *Brahm.* That too is non-living. But what about the soul? A soul is living.

समयः 45.52-47.51
जिज्ञासुः बाबा, कहते हैं ब्रहमा की मत मशहूर है। ऐसे ही शंकर और विष्णु की मत मशहूर नहीं।
बाबाः शंकर शब्द का अर्थ क्यों भूल जाते हैं? शास्त्रों में जितने भी नाम आए हैं वो उनके काम के आधार पर आए हैं या ऐसे ही आ गए? तो शंकर का अर्थ क्या है? शंकर माना? वर्णशंकर माना क्या? कई वर्ण मिलकरके एक बन जाएं। माता ब्राहमण वर्ण की और पति, पिता? दूसरे वर्ण का, शूद्र वर्ण का हो। तो जो संतान पैदा होगी, उसे क्या कहा जाएगा? वर्ण शंकर। तो ऐसे ही शंकर का जो पार्ट है उसमें ब्रहमा भी है मौजूद, उसमें राम वाली आत्मा भी मौजूद है। और शिव की आत्मा भी मौजूद है। इसलिए उसको सिर्फ ब्रहमा से टैली नहीं करना है। ब्रहमा एक है या अनेक हैं? (जिज्ञासु - अनेक।) अनेक हैं ब्रहमा। और शंकर तो? शंकर तो एक ही है। विष्णु के भी अनेक रूप दिखाए हैं। ब्रहमा को हज़ारों भुजाएं दिखाई जाती हैं। विराट विष्णु की भी ढ़ेरों भुजाएं दिखाई जाती हैं। शंकर का पार्ट ही ऐसा है कि आदि से लेकर अंत तक सदाकाल का सहयोगी भुजा कोई बन ही नहीं सकती।

Time: 45.52-47.51
Student: Baba, it is said that Brahma's directions are famous. Similarly, Shankar's and Vishnu's directions are not well-known.
Baba: Why do you forget the meaning of the word 'Shankar'? Are all the names that have been mentioned in the scriptures based on the tasks performed or have they been mentioned simply? So, what is the meaning of Shankar? What is meant by Shankar? What is meant by *varnashankar*? Many castes (*varna*) mix up to become one. Mother belongs to the Brahmin class and the husband, the father? He belongs to another class, to the *shudra* class. So, what will

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

the progeny that is born be called? *Varna Shankar* (hybrid). So similarly, in Shankar's *part*, Brahma is present as well as the soul of Ram is present. And the soul of Shiv is also present. This is why, don't *tally* him only with Brahma. Is Brahma one or many? (Student: Many.) There are many Brahma. And Shankar? Shankar is only one. Vishnu has also been shown in many forms. Brahma is shown to have thousands of arms. Universal [form of] Vishnu is also shown to have numerous arms. Shankar's *part* itself is such that nobody can become a co-operative arm forever from the beginning till the end.

समयः 47.55-49.20

जिज्ञासुः बाबा, परमधाम से जो पहला आदमी आता है, आत्मा आती है पहली, तो उसके लिए शरीर कहाँ से बना?

बाबाः उसका शरीर यहीं योगबल से तैयार हो जाता है। जो विकारी शरीर के 5 तत्व हैं वो यहीं निर्विकारी बना करके जाती है। उसमें कोई रोग शोक नहीं रहता। बर्फ में ढ़क जाती है। कर्मातीत होने के बाद वो शरीर को यहीं त्यागती है और परमधाम में पहुँच जाती है। अपने टाइम पर फिर प्रवेश करती है। वो कोई एक शरीर थोड़ेही है। नम्बरवार लाखों की तादाद में ऐसे शरीर हैं जो योगबल से अपनी काया को कंचन बनाते हैं। इसलिए मुरली में बोला है मैं तुम्हारी आत्मा और शरीर रूपी नैया, दोनों का खिवैया एक बाप हूँ। ऐसे नहीं आत्मा को ही पार ले जाता हूँ पारलोक में। ये शरीर रूपी नवैया भी इस वैतरणी नदी के पार इस संसार विषय सागर के पार खीरसागर में चला जाता है। सिर्फ आत्मा ही नहीं जाती है। क्या? ये शरीर भी पार जाता है।

Time: 47.55-49.20
Student: Baba, how is the body for the first person, the first soul that comes from the Supreme Abode made?
Baba: His body gets ready here itself through the power of *yog*. They make the five elements of the vicious body into vice less here itself. There is no disease, no pain in it. It is covered by ice. After becoming *karmaatiit* (the stage beyond karma), it renounces the body here itself and reaches the Supreme Abode. Then, it enters again at its destined time. It is not about just one body. There are hundred thousands bodies *number* wise (according to their *purusharth*) which rejuvenate their body through the power of *yog*. This is why it has been said in the murli, I the one Father am the boatman, of both your soul and the boat-like body. It is not that I take only your soul across, to the Supreme Abode. This boat-like body also sails across this river of vices (*vaitarni nadi*), across this world, the ocean of vices (*vishaysagar*) to the ocean of milk (*kshiirsagar*). It is not just the soul that sails across. What? Even this body sails across.

Extracts-Part-6

समयः 49.23-51.35

जिज्ञासुः बाबा, सतयुग में योगबल से संतान पैदा होती...।

बाबाः योगबल माना क्या? और भोगबल माना क्या? ये समझना पड़ेगा।

जिज्ञासुः नहीं। मेरा प्रश्न है सतयुग में योगबल से संतान पैदा होगी...।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबाः योगबल माना क्या? (जिज्ञासुः याद शक्ति।) वहाँ याद करेंगे भगवान को? वहाँ भगवान की याद, भगवान का स्वरूप याद होगा देवताओं को? (जिज्ञासु - नहीं।) फिर?
जिज्ञासुः फिर संतान कैसे पैदा होती है?
बाबाः इसलिए बताया कि आज के मनुष्यों को कहेंगे भ्रष्टाचारी। और देवताओं को कहेंगे श्रेष्ठाचारी। वो श्रेष्ठ इन्द्रियों से आचरण करके संतान पैदा करते हैं। श्रेष्ठ इन्द्रियाँ हैं ज्ञानेन्द्रियाँ। जैसे आँख, ये श्रेष्ठ इन्द्रिय है। और भ्रष्ट इन्द्रियाँ हैं - जो शरीर के भ्रष्ट भाग में काम करती हैं।
जिज्ञासुः मेरा सवाल ये है कि ये जो सतयुग की बातें बताई आपने तो संगमयुगी जो लक्ष्मी-नारायण है वो वायब्रेशन्स से संतान निर्माण करती हैं। तो योग और वायब्रेशन में क्या फर्क है?
बाबाः वायब्रेशन पहले परिवर्तन करता है। और जो इन्द्रियों का परिवर्तन होता है वो बाद में होता है। स्थूल में ज्यादा ताकत है या सूक्ष्म में ज्यादा ताकत है? (जिज्ञासुः सूक्ष्म।) तो वायब्रेशन ज्यादा शक्तिशाली होता है या आँख से जो हम दृष्टि से देखते हैं या कर्मेन्द्रियों से कर्म करते हैं उन कर्मों में ज्यादा ताकत है? कर्मों में ज्यादा ताकत है? (जिज्ञासु - नहीं है।) हाँ, कर्मों में ताकत नहीं है। जो वायुमण्डल हम एकाग्रता का बनाएंगे, उसमें ज्यादा ताकत होगी। उस वायुमण्डल के बीच में जो भी आ जाएगा अज्ञानी भी वो भी तब्दील हो जाएगा। जैसे ऋषियों, महर्षियों के आश्रमों के लिए ये गायन है कि शेर और बकरी भी चले जाते थे उनके नज़दीक तो उनका वायब्रेशन बदल जाता था।

Time: 49.23-51.35
Student: Baba, children are born with the power of *yoga* in the Golden Age…
Baba: What is meant by the power of *yoga* (*yogbal*)? And what is meant by the power of physical pleasures (*bhogbal*)? You will have to understand this.
Student: No. My question is that children will be born through the power of *yoga* in the Golden Age.
Baba: What is meant by the power of *yoga*? (Student: The power of remembrance.) Will you remember God there? Will the deities remember God; will they remember the form of God? (Student: No.) Then?
Student: Then, how are children born?
Baba: This is why it has been said that today's people will be called *bhrashtacari* (the one who finds pleasure through the lowly organs). And deities will be called *shreshtachari* (virtuous). They reproduce by performing actions through elevated organs. The elevated organs are the sense organs. For example, the eyes are elevated organs. And the corrupt organs are the ones which work in the corrupt parts of the body.
Student: My question is – the topics of the Golden Age that you narrated; so, the Confluence Age Lakshmi and Narayan reproduce through vibrations. So, what is the difference between *yoga* and vibrations?
Baba: Vibrations are transformed first. And the transformation of organs takes place later. Is there more power in physical things or in subtle things? (Student: Subtle.) So, are the vibrations more powerful or is the vision of our eyes through which we see more powerful or are the actions that we perform through the *karmendriya* more powerful? Is there more power in the actions? (Student: No.) Yes, there is no power in actions. The atmosphere of concentration which we make will have more power. Whoever comes in that atmosphere, even if he is an

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

ignorant person, he will change. Just as it is praised about the hermitages of sages [and] saints that even if lions and goats used to go near them, their vibrations used to change.

समयः 53.16-54.12

जिज्ञासुः बाबा, बाबा कहते हैं कि मैं देहअभिमानियों से बात नहीं करता हूँ। अभी तक कोई आत्मअभिमानी नहीं बने।

बाबाः माने बेसिकली बिन्दु रूप स्टेज में एक सेकण्ड तक टिकने वाले कोई भी नहीं बने? अरे दीदी-दादियाँ, उनकी अभी तक भी समस्या है बिन्दी को कैसे याद करें? इसका मतलब वो आत्माभिमानी नहीं बने। इसलिए मुरली में बोला है आत्मा रूपी सुई की सारी कट उतरने पर तुम डायरेक्ट बाप से सीखोगे। ऐसे नहीं अम्मा ब्रह्मा के थ्रू सीखोगे या ब्रह्माकुमारियों के थ्रू सीखोगे। डायरेक्ट बाप तुमको सिखाने वाला होगा। ऐसे नहीं कहेंगे कोई आत्माभिमानी बने ही नहीं है। नम्बरवार बने हैं।

Time: 53.16-54.12

Student: Baba, Baba says that I do not talk to body conscious ones. Nobody has become soul conscious so far.

Baba: Does it mean that nobody has become the ones to stabilize in the point-form *stage basically* for a *second*? *Arey*, Didis-Dadis still face the problem, how should we remember the point? It means that they have not [yet] become soul conscious. This is why it has been said in the murli, when the entire rust of the needle like soul is removed, you will learn directly from the Father. It is not that you will learn through the mother Brahma or through the Brahmakumaris. The Father will directly teach you. It will not be said that nobody has become soul conscious at all. They have become number wise (according to their *purusharth*).

समयः 55.40-01.02.27

जिज्ञासुः बाबा, ये सृष्टि रूपी घडी जो है, सेकण्ड काँटा, मिनट काँटा कौन है?

बाबाः काँटे दो हैं या तीन हैं? (जिज्ञासु- तीन हैं।) हाँ, जी। एक कांटा है बहुत धीमी-धीमी गति से घूमता है। वो बहुत मोटा काँटा है। उससे ज्यादा तीखा कांटा है। वो बारह घंटे में कितने चक्कर लगा लेता है? बारह चक्कर लगाता है। मोटा काँटा? बारह घंटे में? अरे? इतना नहीं मालूम? जो घडी का मोटा कांटा है वो 12 घंटे में कितने चक्कर लगाता है? एक चक्कर लगाता है। और जो पतला-पतला लम्बा है वो कितने चक्कर काटता है? (जिज्ञासु - 12।) 12 चक्कर काटता है। 12 घंटे में। और एक और है। क्या? वो सेकण्ड का कांटा है। एक मिनट में 60 सेकण्ड घूम जाता है। जैसे बाप कहते हैं मुझे घडी-घडी याद करो। अभी तीनों कांटे समझ में नहीं आए? कौन-कौन हैं? क्या-क्या हैं? बताओ।

जिज्ञासुः सेकण्ड कांटा जो है वो शंकर बाबा का है।

बाबाः बता डालो।

जिज्ञासुः सही है या झूठ है।

बाबाः पेहले बता जाओ। तीनों को बता दो। फिर उसके बाद दूसरों से पूछें।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासुः दूसरा कांटा जो है बडा तास का जो कांटा है वो ब्रह्मा बाबा है।
बाबाः मोटा कांटा? (जिज्ञासु - मोटा कांटा।) अच्छा। तो चलो कम से कम इतना तो हुआ कि नौ दिन चले अढ़ाई कोस। क्या? कितने दिन चले? नौ दिन चलते रहे, चलते रहे, 12 दिन चलते रहे, चलते रहे, कितना चला? बहुत थोड़ा। तो ब्रह्मा बाबा अपने सारी जिंदगी की पढ़ाई पढ़ते हैं एक प्वाइंट की पढ़ाई गीता का भगवान कौन? भगवान सर्वव्यापी नहीं। वो पढ़ाई उनकी पूरी हुई? (जिज्ञासु - नहीं।) अभी भी पूरी नहीं हुई। तो क्या कहेंगे? कौनसी सुई है? (जिज्ञासु - बड़ी।) मोटी सुई। उसके बाद? उसके बाद पतली सुई है लम्बी वाली। वो 12 घंटे में 12 चक्कर लगा लेती है। वो कौन है? प्रश्न तो मजेदार आया है। जवाब भी निकाल लेना चाहिए। चलो एक तो क्लीयर हुआ। क्या? (जिज्ञासु - बड़ा कांटा।) हाँ। बड़ा कांटा तो क्लीयर हो गया। ये बड़ा कांटा है। क्या? सबसे बड़े दुःख की बात कौनसी है? गीता का भगवान ये सबसे बड़े दुख की बात है। भगवान सर्वव्यापी नहीं। भगवान एकव्यापी है। एकव्यापी है सबसे बड़े सुख की बात। और सर्वव्यापी है सबसे बड़े दुःख की बात। इस सारे सृष्टि चक्र में मुख्य कार्यकर्ता कितने हैं? (जिज्ञासु - तीन।) तो अभी तक इशारा दे दिया। अब तो बता दो।

Time: 55.40-01.02.27
Student: Baba, in this world clock, who represents the hand of seconds, and the minute hand?
Baba: Are there two or three hands? (Student: There are three.) Yes. One hand moves very slowly. It is a very thick hand. There is a hand faster than it. How many rotations does it make in twelve hours? It rotates twelve times. And what about the thick hand? [How many times does it rotate] in twelve hours? *Arey*! Don't you know even this? How many times does the thick hand of the clock rotate in 12 hours? It rotates once. And how many times does the thin, long hand rotate? (Student: 12.) It rotates 12 times in 12 hours. And there is one more. What? It is the hand of seconds. It rotates 60 seconds (i.e. 60 times) in a minute. For example, the Father says, Remember Me again and again. Did you not understand the three hands yet? Who are they? What are they? Say.
Student: The hand denoting seconds is Shankar Baba.
Baba: Speak up.
Student: Is it right or wrong?
Baba: First say. Tell about all the three. After that we can ask others.
Student: The second hand, the big hand of hour is Brahma Baba.
Baba: The thick hand? (Student: The thick hand.) *Achha*. So, at least it happened that you walked for nine days and covered a distance of [just] two and a half miles (*nau din chaley adhai kos*). What? How many days did you walk? You walked continuously for nine days, walked for 12 days and how much distance did you cover? Very little. So, Brahma Baba after studying the entire knowledge in his life, did his study of a point of knowledge, 'who is the God of the Gita, God is not omnipresent' was completed? (Student: No.) It has not yet completed. So, what will be said? Which needle [of the clock] is he? (Student: The big one.) The thick needle. After that? After that there is the thin, long needle. It rotates twelve times in 12 hours. Who is it? The question is indeed interesting. You should obtain the answer as well. Alright, at least one [hand] became *clear*. What? (Student: The big hand.) Yes. The big hand has become *clear*. This one is the big hand. What? Which is the saddest topic? The topic of 'the God of the Gita' is the saddest thing. God is not omnipresent. God is present in one. The topic that [God is present] in one is a most joy-giving topic. And the topic [that God] is omnipresent is the saddest topic. How many

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

main actors are there in the entire world cycle? (Student: Three.) So, a hint has been given so far. Tell me at least now.

जिज्ञासुः बड़ा कांटा ब्रह्मा, छोटा कांटा राम वाली आत्मा।
बाबाः छोटा कांटा राम वाली आत्मा?
जिज्ञासुः पतली जो है वो विष्णु।
बाबाः वो विष्णु है। वो सबसे ज्यादा चक्कर काट लेती है? उसकी बुद्धि बहुत तीखी है? सेवा के चक्कर तीनों सुईयां काटती हैं ना। तीनों सुईयाँ सेवा का चक्कर काटती हैं ना। बाबा कहते हैं ना सेवा के चक्कर लगाएंगे तो चक्रवर्ती राजा बनेंगे। जो सबसे जास्ती सेवा के चक्कर काटेंगे तो सबसे बड़े राजा बनेंगे। लौकिक दुनियाधोरी के चक्कर काटते रहें बुद्धि, कर्मेन्द्रियाँ, वाचा तो सबसे बड़े बनेंगे या छोटे बनेंगे? फिर तो छोटे बन जाएंगे। कहाँ चक्कर काटे? ईश्वरीय सेवा में मनसा भी लगी रहे, तन से भी लगे रहें और वाचा से भी लगे रहें। बड़े से बड़ा जो चक्कर काटने वाले बनेंगे वो बड़े राजा बनेंगे। इसलिए खूब स्वदर्शन चक्कर घुमाओ, चक्कर काटो ईश्वरीय सेवा के तो चक्रवर्ती राजा बनेंगे। तो कौनसी सुई सबसे जास्ती चक्कर काटती है? (जिज्ञासु - सेकण्ड कांटा।) सेकण्ड काँटा? तो कौन है? (जिज्ञासु - राम वाली आत्मा।) एक है घड़ी-घड़ी चक्कर काटने वाली और एक है घड़ी-घड़ी तो चक्कर नहीं काटती लेकिन? लेकिन 12 घंटे में एक चक्कर जरूर काट लेती है। तीन ही तो हैं। ब्रह्मा, विष्णु और शंकर। ब्रह्मा का पार्ट भी है तो विष्णु का पार्ट भी है वैष्णवी देवी। शंकर का भी पार्ट है।

Student: The big hand is Brahma; the small hand is the soul of Ram.
Baba: Is the small hand the soul of Ram?
Student: Yes, and the thin one is Vishnu.
Baba: It is Vishnu? Does it rotate the maximum number of times? Is its intellect very sharp? All the three needles go around for service, don't they? All the three needles go around on service, don't they? Baba says that if you go around for service, you will become *cakravarti* king (one whose kingdom is spread wide), doesn't he? The ones who will take the maximum rounds on service will become the biggest king. If the intellect keeps wandering in [the thoughts of] the *lokik* worldly affairs, the *karmendriya*, the speech, then will you become the biggest king or a small king? Then you will become a small king. Where should your intellect revolve? The mind should also remain busy in Divine service (of God), we should remain busy through the body as well as through the speech [in the service of God]. Those who go on the biggest round will become big kings. That is why rotate the discus of self realization a lot, go on rounds for Divine service (of God), then you will become a *cakravarti* king. So, which needle revolves the most? (Student: The second's needle.) The second's needle? So, who is it? (Student: The soul of Ram.) One [hand] revolves every moment and one [hand] does not rotate every moment, but it definitely revolves once in 12 hours. There are only three. Brahma, Vishnu and Shankar. There is Brahma's *part* as well as Vishnu's *part*, i.e. *Vaishnavi Devi*. There is Shankar's *part* as well.
……………………………………………………………………………………………

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Note: The words in italics are Hindi words. Some words have been added in the brackets by the translator for better understanding of the translation.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info